दिनांकः 04.05.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

जयपुर में आज से द ग्रेट इंडियन ट्रेवल बाजार की शुरूआत हो रही है। इस संबंध में सीतापुरा स्थित नोवाटेल कन्वेन्शन सेंटर में मीट इन इंडिया कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, नीति आयोग की उपाध्यक्ष सुमन बेरी सहित पर्यटन क्षेत्र से जुडे विशेषज्ञ और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। मीडिया से बातचीत में केन्द्रीय मंत्री श्री शेखावत ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों से देश में पर्यटन क्षेत्र में नए अवसर सृजित हुए हैं। उन्होंने हाल ही में हुए पहलगाम हमले से उत्पन्न परिस्थितियों पर कहा कि भारत जल्द ही इससे बाहर निकल आएगा और जम्मू–कश्मीर सहित देशभर में पर्यटन क्षेत्र फिर से नई ऊंचाईयों को छुएगा।

गौरतलब है कि द ग्रेट इंडियन ट्रेवल बाजार में पर्यटन और ट्रेवल से जुड़ी तीन सौ से अधिक स्टॉल्स लगाई गई हैं। तीन दिवसीय इस प्रदर्शनी में देश–दुनिया के पर्यटन व्यवसायी, टूर ऑपरेटर और ट्रेवल विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं।

........................

मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए आज देशभर में नीट यूजी परीक्षा आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा देशभर के पांच हज़ार से ज़्यादा केंद्रों पर दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक ली जाएगी। इसके अलावा विदेशों में भी परीक्षा के लिए 13 शहरों में केन्द्र बनाए गए हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए के अनुसार, परीक्षा के लिए 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है।

एनटीए ने विद्यार्थियों से परीक्षा से संबंधित भ्रामक सूचना पर ध्यान नहीं देने और एनटीए की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना पर ही भरोसा करने की अपील की है।

इधर, प्रदेश में परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किये गये हैं। राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के तहत परीक्षा में नकल और अनुचित साधनों के प्रयोग को रोकने और गाइडलाइन की पालना के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। परीक्षार्थियों से ठगी रोकने और उनकी सुविधा के लिए पुलिस की विशेष टीमें तैनात की गई हैं।

........................

जयपुर के बस्सी में आज सुबह नीट परीक्षा के लिए घर से निकलीं दो छात्राओं सहित तीन लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मोटरसाइकिल सवार इन लोगों को एक तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। डंपर चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

........................

उत्तराखंड में आज बद्रीनाथ धाम के कपाट, पारंपरिक अनुष्ठान के बाद खोल दिए गए हैं। इसके साथ ही, राज्य में स्थित केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री सहित चारों धामों के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुल गए हैं। चमोली जिले में सुबह भगवान उद्धव और गरुड़ की उत्सव डोली और आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी की पूजा अर्चना गई।

मंदिर को कई क्विंटल फूलों से सजाया गया है। पट खुलने के साथ ही बद्रीनाथ धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया है।

........................

रेलवे ने चारधाम यात्रा के लिए भारत गौरव डीलक्स ट्रेन की शुरूआत की है। यह रेलगाड़ी बद्रीनाथ, जोशीमठ, ऋषिकेश, पुरी, कोणार्क, रामेश्वरम और द्वारका के साथ ही काशी विश्वनाथ, भीमशंकर और त्र्यंबकेश्वर की यात्रा करवाएगी। ये गाड़ी इस महीने की 27 तारीख को दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। और 17 दिन में चार धाम और अन्य धार्मिक स्थलों की यात्रा पूरी करेगी। ट्रेन की टिकट पहले आओ पहले पाओ के आधार पर रेलवे की वेबसाइट पर बुक की जा सकती है।

........................

निर्वाचन आयोग एक सिंगल–प्लेटफॉर्म एप की शुरूआत करेगा, जो चुनाव संबंधी सभी सेवाओं को एक जगह पर उपलब्ध कराएगा। यह ऐप निर्वाचन आयोग की मौजूदा 40 से अधिक मोबाइल और वेब एप्लिकेशनों को एक साथ लायेगा। यह मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों, राजनीतिक दलों और अन्य हितधारकों के लिए एक नया डिजिटल इंटरफ़ेस होगा। यह एप डेस्कटॉप या स्मार्टफोन पर चुनाव संबधित जरुरी जानकारी उपलब्ध कराएगा।

........................

आईपीएल क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। कोलकाता के ईडन गार्डन में यह मैच दोपहर साढे तीन बजे से खेला जाएगा। कोलकाता दस मैचों में नौ अंकों के साथ तालिका में सातवें स्थान पर है, जबकि राजस्थान रॉयल्स 11 मैचों में छह अंकों के साथ आठवें नंबर पर है। आज ही एक अन्य मैच में पंजाब किंग्स का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। यह मैच शाम साढे सात बजे से हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में खेला जाएगा। पंजाब किंग्स 10 मैचों में 13 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। लखनऊ सुपर जायंट्स दस अंकों के साथ छठे नंबर पर है।

........................